यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स कृत

# UPSC & State Public Service Commission Exams
# GS Chapterwise Solved Papers

# सामान्य अध्ययन-7

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## अध्यायवार हल प्रश्न-पत्र


**प्रधान सम्पादक**

आनन्द कुमार महाजन

**सम्पादन एवं संकलन**

IAS/PCS परीक्षा विशेषज्ञ समिति

**कम्प्यूटर ग्राफिक्स**

बालकृष्ण, चरन सिंह, पंकज कुशवाहा

**सम्पादकीय कार्यालय**

यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स

12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002

**मो. : 9415650134**

**Email : yctap12@gmail.com**

**website : www.yctbooks.com**



**प्रकाशन घोषणा**

प्रधान सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने ओम साईं ऑफसेट, प्रयागराज से मुद्रित करवाकर, यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स, 12, चर्च लेन, प्रयागराज के लिए प्रकाशित किया।



इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव एवं सहयोग सादर अपेक्षित है।

**किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।**



**मूल्य : 195/-**

# विषय-सूची

## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी (Environment & Ecology)


- पर्यावरण : एक परिचय एवं सतत् विकास
  (Environment : An Introduction & Sustainable Development ) ........ 7-16
- जैवमण्डल एवं बायोम
  (Biosphere and Biome) ........ 17-30
- पारिस्थतिकी एवं पारिस्थितिकी तंत्र
  (Ecology & Eco-system) ........ 31-42
- पारिस्थितिकी तंत्र के प्रकार एवं पदार्थों का संचरण
  (Types of Eco-system and Transmission of Materials) ........ 43-55
- पर्यावरणीय प्रदूषण एवं संरक्षण उपबंध
  (Environmental Pollution and Conservation measure) ........ 56-79
- जैव-विविधता एवं उसका संरक्षण
  (Bio-diversity and its Conservation) ........ 80-98
- अभयारण्य, आर्द्रभूमि तथा अन्य संरक्षित क्षेत्र
  (Sanctuary, Wetland and other Protected Region) ........ 99-134
- हरित गृह प्रभाव, वैश्विक तापन एवं जलवायु परिवर्तन
  (Green house effect, Global Warming and Climate Change) ........ 135-159
- ओज़ोन परत क्षरण एवं नियंत्रण हेतु प्रयास
  (Initiative to Control Ozone layer depletion) ........ 160-164
- ऊर्जा संसाधन
  (Energy Resource) ........ 165-173
- अम्ल वर्षा, जल प्रदूषण एवं संरक्षण
  (Acid Rain, Water, Pollution and Conservation) ........ 174-182
- विविध
  (Miscellaneous) ........ 183-192

# प्रश्न-पत्रों का विश्लेषण

## संघ एवं विभिन्न राज्य लोक सेवा आयोगों के पूर्व सिविल सेवा परीक्षा प्रश्न-पत्रों का विश्लेषण चार्ट


| क्र. | परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष | कुल परीक्षा प्रश्न | पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी |
|---|---|---|---|
| | **संघ लोक सेवा आयोग** | | |
| A. | **I.A.S. (Pre)** | | |
| | वर्ष 1993-2010 | 18×150 = 2700 | 213 |
| | वर्ष 2011-**2022** | 12×100 = 1200 | |
| | **CDS (I & II)** | | |
| | वर्ष **2010-2022** | 26 × 120 = 3120 | 43 |
| | **NDA/NA (I & II)** | | |
| | वर्ष **2008-2022** | 29 × 150 = 4350 | 47 |
| | **CAPF (A.C.)** | | |
| | वर्ष **2009-2022** | 14 × 125 = 1750 | 68 |
| | **EPFO** | | |
| | वर्ष **2002-2021** | 6 × 120 = 720 | 31 |
| | **उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग** | | |
| B. | **U.P. P.C.S. (Pre)** | | |
| | वर्ष 1991-1997 | 8 × 120 = 960 | 191 |
| | वर्ष 1998-**2022** | 25 × 150 = 3750 | |
| | वर्ष 2004 Spl., 2008 Spl., 2015 पुनर्परीक्षा | 3 × 150 = 450 | |
| | **U.P. P.C.S. (Mains)** | | |
| | वर्ष 2002-2017 (2002, 2003 में 1-1 प्रश्न-पत्र तथा 2004-2017 में 2-2 प्रश्न-पत्र) | 30 × 150 = 4500 | 95 |
| | वर्ष 2004 Spl., 2008 Spl. (प्रत्येक के दो प्रश्न-पत्र) | 4 × 150 = 600 | |
| | **U.P. UDA/LDA/RO/ARO (Pre & Mains) Exam.** | | |
| | U.P. UDA/LDA (Pre) 2001 | 1 × 150 = 150 | 87 |
| | U.P. UDA/LDA (Pre) 2006 | 1 × 100 = 100 | |
| | U.P. RO/ARO (Pre) 2010 | 1 × 120 = 120 | |
| | U.P. RO/ARO (Pre) 2010 Spl. | 1 × 140 = 140 | |
| | U.P. RO/ARO (Pre) 2013 | 1 × 140 = 140 | |
| | U.P. RO/ARO (Pre) 2014 | 1 × 140 = 140 | |
| | U.P. RO/ARO (Pre) 2016 | 1 × 140 = 140 | |


| | | | |
|---|---|---|---|
| | U.P. RO/ARO (Pre) 2017 | 1 × 140 = 140 | |
| | U.P. RO/ARO (Pre) **2016 ( Re- Exam), 2021** | 2 × 140 = 280 | |
| | U.P. RO/ARO (Mains) 2010 | 1 × 120 = 120 | |
| | U.P. RO/ARO (Mains) 2010 Spl. | 1 × 120 = 120 | |
| | U.P. RO/ARO (Mains) 2013 | 1 × 120 = 120 | |
| | U.P. RO/ARO (Mains) 2014 | 1 × 120 = 120 | |
| | U.P. RO/ARO (Mains) 2017 | 1 × 120 = 120 | |
| | U.P. RO/ARO (Mains) 2016, **2021** | 2 × 120 = 240 | |
| | **U.P. Lower Subordinate (Pre & Mains) Exam.** | | |
| | U.P. Lower Subordinate (Pre) 1998 | 1 × 100 = 100 | |
| | U.P. Lower Subordinate (Pre) 2002 | 1 × 100 = 100 | |
| | U.P. Lower Subordinate (Pre) 2002 Spl. | 1 × 100 = 100 | |
| | U.P. Lower Subordinate (Pre) 2003 | 1 × 100 = 100 | |
| | U.P. Lower Subordinate (Pre) 2004 | 1 × 100 = 100 | |
| | U.P. Lower Subordinate (Pre) 2004 Spl. | 1 × 100 = 100 | 32 |
| | U.P. Lower Subordinate (Pre) 2008 | 1 × 100 = 100 | |
| | U.P. Lower Subordinate (Pre) 2009 | 1 × 100 = 100 | |
| | U.P. Lower Subordinate (Pre) 2013 | 1 × 150 = 150 | |
| | U.P. Lower Subordinate (Pre) 2015 | 1 × 150 = 150 | |
| | U.P. Lower Subordinate (Mains) 2013 | 1 × 120 = 120 | 2 |
| | U.P. Lower Subordinate (Mains) 2015 | 1 × 120 = 120 | |
| | **U.P. राजस्व निरीक्षक ( प्री. ) परीक्षा 2014** | 1 × 100 = 100 | 6 |
| | **U.P. PSC वन संरक्षक अधिकारी परीक्षा** | | |
| | उत्तर प्रदेश वन संरक्षक परीक्षा 2013 | 3 × 150 = 450 | |
| | उत्तर प्रदेश वन संरक्षक परीक्षा 2015 | 3 × 150 = 450 | |
| | उत्तर प्रदेश वन संरक्षक परीक्षा 2017 | 3 × 150 = 450 | 94 |
| | उत्तर प्रदेश वन संरक्षक परीक्षा 2018 | 2 × 150 = 300 | |
| | उत्तर प्रदेश वन संरक्षक परीक्षा 2019 | 2 × 150 = 300 | |
| | उत्तर प्रदेश वन संरक्षक परीक्षा 2020, **2021** | 4 × 150 = 600 | |
| | **U.P. PSC खाद्य सुरक्षा अधिकारी परीक्षा 2013** | 1 × 75 = 75 | 2 |
| | **U.P. PSC खाद्य एवं सफाई निरीक्षक परीक्षा 2013** | 1 × 50 = 50 | 3 |
| | **U.P. PSC खण्ड शिक्षा अधिकारी परीक्षा 2019** | 1 × 120= 120 | 7 |
| **C.** | **उत्तराखंड लोक सेवा आयोग** | | |
| | उत्तराखंड पी.सी.एस. (प्रा.) परीक्षा 2002-2016, **2021** | 8 × 150 = 1200 | 41 |
| | उत्तराखंड यू.डी.ए./एल.डी.ए. (प्रा.) परीक्षा 2007 एवं 2015, **2021, 2022** | 5 × 150 = 800 | 37 |
| | उत्तराखंड पी.सी.एस. (मुख्य) परीक्षा 2003, 2004, 2006 व 2010 | 4 × 150 = 600 | 2 |
| | उत्तराखंड यू.डी.ए./एल.डी.ए. (मुख्य) परीक्षा 2007, 2016 | 2 × 100 = 200 | 2 |
| | उत्तराखंड लोअर सबार्डिनेट (प्रा.) परीक्षा 2010, 2016 एवं **2021** | 3 × 150 = 450 | 24 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **D.** | **मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग** | | |
| | म.प्र. पी.एस.सी. (प्रा.) परीक्षा 1990- 2005-06 | 14×75 = 1050 | 57 |
| | म.प्र. पी.एस.सी. (प्रा.) परीक्षा 2008-2010 | 3×150 = 450 | |
| | म.प्र. पी.एस.सी. (प्रा.) परीक्षा 2012-**2021** | 10×100 = 1000 | |
| **E.** | **छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग** | | |
| | छत्तीसगढ़ पी.एस.सी. (प्रा.) परीक्षा 2003 & 2004-05 | 2×75 = 150 | 38 |
| | छत्तीसगढ़ पी.एस.सी. (प्रा.) परीक्षा 2008 | 1×100 = 100 | |
| | छत्तीसगढ़ पी.एस.सी. (प्रा.) परीक्षा 2010-11 | 1×150 = 150 | |
| | छत्तीसगढ़ पी.एस.सी. (प्रा.) परीक्षा 2012 - **2021** | 10×100 = 1000 | |
| **F.** | **राजस्थान लोक सेवा आयोग** | | |
| | राजस्थान पी.सी.एस. (प्रा.) परीक्षा 1992- 2012 | 12×100 = 1200 | 68 |
| | राजस्थान पी.सी.एस. (प्रा.) परीक्षा 2013-14, 2015, 2016, 2018, **2021** | 5×150 = 750 | |
| **G.** | **बिहार लोक सेवा आयोग** | | |
| | बिहार पी.एस. सी. (प्रा.) 38वीं परीक्षा 1992 | 1×100 = 100 | 39 |
| | बिहार पी.एस.सी. (प्रा.) 39वीं - 67वीं परीक्षा 1994-**2021** | 18×150 = 2700 | |
| | बिहार पी.एस. सी. (प्रा.) 65वीं पुनर्परीक्षा (दिव्यांग) 2019 | 1×150 = 150 | |
| | बिहार पी.एस. सी. (प्रा.) 66वीं-67वीं पुनर्परीक्षा 2020**, 2021** | 2×150 = 300 | |
| **H.** | **झारखण्ड लोक सेवा आयोग** | | |
| | झारखण्ड पी.एस. सी. (प्रा.) परीक्षा 2003, 2006, 2008, 2010 | 4×100 = 400 | 28 |
| | झारखण्ड पी.एस. सी. (प्रा.) परीक्षा 2013 (I, II), 2016 (I, II), **2021 (I, II)** | 6×100 = 600 | |
| **I.** | **हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग** | | |
| | हि.प्र. पी.एस.सी. (प्रा.) परीक्षा 2010-**2021** | 10×100 = 1000 | 69 |
| **J.** | **हरियाणा लोक सेवा आयोग** | | |
| | हरियाणा पी.एस.सी. (प्रा.) परीक्षा 2014, 2017, **2021** | 3×100 = 300 | 21 |
| **K.** | **उत्तर प्रदेश पी.सी.एस. ( भूगोल ) वैकल्पिक विषय ( प्री. ) परीक्षा 1990-2011** | 24×120 = 2880 | 181 |
| | **कुल प्रश्न-पत्र = 373** | | **1528** |

**नोट-** उपरोक्त प्रश्न-पत्रों के सम्यक विश्लेषण के उपरान्त **पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी** से सम्बन्धित कुल **1528** प्रश्नों को अध्यायवार प्रस्तुत किया गया है। दुहराव वाले प्रश्नों का परीक्षा वर्ष एवं परीक्षा नाम यथास्थान निर्दिष्ट कर दिया गया है। इसके साथ ही साथ लगभग समान प्रकृति वाले प्रश्नों का भी समावेश किया गया है ताकि प्रश्न पूछने की तकनीकि का प्रतियोगियों को लाभ मिल सके।

# संघ एवं विभिन्न राज्य लोक सेवा आयोगों के पूर्व सिविल सेवा परीक्षा प्रश्न-पत्रों का पाई चार्ट एवं बार ग्राफ



# 1. पर्यावरण : एक परिचय एवं सतत् विकास

## (Environment : An Introduction & Sustainable Development )

### क्विक रिवीजन

- किसी जीव के चारों ओर घिरी भौतिक एवं जैविक दशाओं तथा उनके साथ अंतःक्रिया को सम्मिलित रूप से कहते हैं **– पर्यावरण**

**पर्यावरण के संघटक**

| भौतिक या अजैविक | जैविक | सांस्कृतिक |
|---|---|---|
| स्थल, वायु, जल आदि | पादप, जंतु तथा सूक्ष्म जीव | मानव निर्मित गतिविधियाँ |

- पर्यावरणीय संरक्षण संबंधित मामलों के शीघ्र निपटान के लिए राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) स्थापित किया गया
  **– 18 अक्टूबर, 2010 को ( 11वीं पंचवर्षीय योजना )**
- भारत में पर्यावरण संरक्षण हेतु छाता विधान (Umbrella legislation) के रूप में जाना जाता है **– पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986**
- जलवायु परिवर्तन पर भारत की प्रथम राष्ट्रीय कार्य योजना शुरू की गई
  **– 30 जून, 2008 को**

**जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना**

↓

**आठ प्राथमिकता वाले राष्ट्रीय मिशन**

↓

1. राष्ट्रीय सौर मिशन
2. उन्नत ऊर्जा दक्षता के लिए राष्ट्रीय मिशन
3. सतत पर्यावास पर राष्ट्रीय मिशन
4. राष्ट्रीय जल मिशन
5. हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र को बनाये रखने हेतु राष्ट्रीय मिशन
6. ग्रीन इंडिया के लिए राष्ट्रीय मिशन
7. सतत कृषि के लिए राष्ट्रीय मिशन
8. जलवायु परिवर्तन के लिए सामरिक ज्ञान पर राष्ट्रीय मिशन

- वह अवधारणा जिसके तहत वर्तमान के साथ-साथ भविष्य की आवश्यकताओं को भी ध्यान में रखा जाता है **– धारणीय विकास**
- सतत विकास के प्रति पूर्ण समर्थन व्यक्त किया गया
  **– पृथ्वी सम्मेलन (1992) रियो डी जेनेरियो में घोषित एजेंडा-21 में**
- धारणीय या सतत विकास अवधारणा का प्रतिपादन किया
  **– ब्रंटलैंड आयोग ने 'ऑवर कॉमन फ्यूचर' रिपोर्ट में ( वर्ष 1987 )**
- ब्रंटलैंड आयोग का मूल नाम था
  **– वर्ल्ड कमीशन ऑन इनवायर्नमेंट एंड डेवलपमेंट (WCED)**

**पर्यावरण पर पहला वैश्विक सम्मेलन** स्टॉकहोम सम्मेलन (वर्ष 1972)

↓

20वीं वर्षगांठ में

↓

पृथ्वी शिखर सम्मेलन का आयोजन (वर्ष 1992)

↓

**उपलब्धि : एजेंडा-**21 का समझौता

↓


पृथ्वी सम्मेलन+5 (न्यूयॉर्क में आयोजित) वर्ष 1997

↓

रियो+10 (जोहॉन्सबर्ग, द. अफ्रीका) वर्ष 2002

↓

रियो + 20 रियो डी जेनेरियो (ब्राजील) जून 2012




### 17 सतत विकास लक्ष्य




# क्वेश्चन बैंक

1. **Environment refers to:**
**पर्यावरण से अभिप्राय है –**
(a) The natural habitat of land, water, air, plants and animals that exists around it./भूमि, जल, वायु, पौधों एवं पशुओं की प्राकृतिक दुनिया जो इनके चारों ओर अस्तित्व में है
(b) The sum total of conditions which surround human beings at a given point of time./उन सम्पूर्ण दशाओं का योग जो व्यक्ति को एक समय बिन्दु पर घेरे हुए होती हैं
(c) The interacting system of physical, biological and cultural elements which are interlinked./ भौतिक, जैविकीय एवं सांस्कृतिक तत्वों की अन्तः क्रियात्मक व्यवस्था जो अन्तःसम्बन्धित होते हैं
(d) All the above/उपर्युक्त सभी

**UPPCS (Pre) G.S. 2006**

**Ans. (d) :** पर्यावरण का आशय जैविक एवं अजैविक घटकों एवं उनके आस-पास के वातावरण के सम्मिलित रूप से है जो पृथ्वी पर जीवन के आधार को संभव बनाता है। अतः पर्यावरण एक प्राकृतिक परिवेश है जो पृथ्वी पर जीवन को, विकसित, पोषित एवं समाप्त होने में मदद करता है। पर्यावरण के अंतर्गत वायु, जल और भूमि शामिल हैं साथ ही गतिशील रूप में मानव, अन्य जीव–जन्तु, पौधे, सूक्ष्म जीव–समूह और उनके गुणों के सामान्य शब्दों में बीच अन्तर–संबंध भी इसके अंतर्गत समाहित हैं। पर्यावरण उन सम्पूर्ण दशाओं का योग है जो व्यक्ति को एक समय बिन्दु पर घेरे हुए होती है तथा यह भौतिक जैविकीय एवं सांस्कृतिक तत्वों की अन्तः क्रियात्मक व्यवस्था है जो अन्तः सम्बन्धित होते हैं। अतः उपर्युक्त सभी विकल्प सत्य है।




2. **The actual location or place where an organism lives is called**
**जहाँ जीव रहता है, उस सटीक जगह को कहते हैं?**
(a) Habitat/आवास (b) Ecosystem/पारितंत्र
(c) Niche/निकेत (निच) (d) Biome/बायोम
(e) None of the above/More than one of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक


**65th BPSC (Pre) 2019**

**Ans. (e) :** वह स्थान जहाँ जीव रहता है आवास कहलाता है। आवास स्पष्ट भौतिक लक्षणों से युक्त होता है। आवास उस स्थान को इंगित करता है, जहाँ सम्पूर्ण जैविक समुदाय निवास करता है। एक आवास में कई निकेत हो सकते हैं। निकेत द्वारा हमें किसी प्रजाति के पारिस्थितिकी तंत्र में उसके स्थान का पता चलता है। अर्थात एक प्रजाति को जीवित रहने के लिए जिन जैविक भौतिक या रासायनिक कारकों की जरूरत होती है, उन्हें सम्मिलित रूप से निकेत कहते हैं। अतः आवास एवं निकेत जीवों के निवास स्थल होने के कारण किसी विकल्प का चयन नहीं किया जा सकता है। इसी कारण बिहार लोक सेवा आयोग ने इसका उत्तर अपने संशोधित पत्रक में (e) माना है।

3. **Generally, environment can be classified as following categories. Which among the following is NOT a part of such category?/सामान्यतया पर्यावरण को निम्न प्रकार से वर्गीकृत किया जा सकता है। निम्नलिखित में से कौन-सा एक इस वर्गीकरण का अंश नहीं है?**
(a) Operational Environment/परिचालन पर्यावरण
(b) Physical Environment/भौतिक पर्यावरण
(c) Cultural Environment/सांस्कृतिक पर्यावरण
(d) Biological Environment/जैवकीय पर्यावरण

**UP PSC (Pre) 2020**

**Ans. (a) :** पर्यावरण किसी जीव के चारों ओर घिरी भौतिक एवं जैविक दशाओं एवं उनके साथ अन्तः क्रिया को सम्मिलित करता है। चूँकि मनुष्य प्राकृतिक क्षेत्र से लेकर मानव निर्मित सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में रहता है अतः भौतिक पर्यावरण को जैविक, अजैविक तथा सांस्कृतिक पर्यावरण में वर्गीकृत किये जाते हैं। इन्हीं से पर्यावरण की रचना भी होती है। पर्यावरण को निम्न प्रकार से वर्गीकृत किया जा सकता है।




अतः परिचालन पर्यावरण इसमें शामिल नहीं है।

4. **Environment is a composite state of/ पर्यावरण किससे बनता है?**
(a) Biotic factors/जैविक घटकों से
(b) Physiographic factors/भू–आकृतिक घटकों से
(c) Abiotic factors/अजैव घटकों से
(d) All the above/उपर्युक्त सभी

**BPSC (Pre) 2011**

**Ans. (d) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

5. **Which one of the following is not related to the protection of environment?/ निम्न में से किस एक का सम्बन्ध पर्यावरणीय सुरक्षा से नहीं है?**
(a) sustainable development/धारणीय विकास
(b) Poverty reduction/गरीबी कम करना
(c) Air Conditioning/वातानुकूलन
(d) Use of paper bags/कागज के थैलों का प्रयोग

**UP RO/ARO (Pre) G.S. 2013**

**Ans. (b) :** गरीबी कम करने का संबंध पर्यावरणीय सुरक्षा से नहीं है। शेष तीनों विकल्प धारणीय विकास, वातानुकूलन और कागज के थैलों का प्रयोग पर्यावरणीय सुरक्षा से संबंधित है। जिनमें से वातानुकूलन का पर्यावरण पर नकारात्मक व धारणीय विकास तथा कागज के थैलों का प्रयोग सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

**6. Human activities in the recent past have caused the increased concentration of carbon-dioxide in the atmosphere, but a lot of it does not remain in the atmosphere, but a lot of it does not remain in the lower atmosphere because of/हाल के वर्षों में मानव गतिविधियों के कारण वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की सांद्रता में बढ़ोत्तरी हुई है, किंतु उसमें से बहुत–सी वायुमंडल के निचले भाग में नहीं रहती, क्योंकि :**

1. Its escape into the outer stratosphere.
   वह बाह्य समतापमंडल में पलायन कर जाती है।
2. The photosynthesis by phytoplankton in the oceans.
   समुद्रों में पादप प्लवक प्रकाश संश्लेषण कर लेते हैं।
3. The trapping of air in the polar ice caps.
   ध्रुवीय बर्फ–छत्रक वायु का प्रग्रहण कर लेते हैं।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त में से कौन–सा/कौन–से कथन सही है/ हैं?**

(a) 1 and 2/1 और 2 (b) 2 only /केवल 2
(c) 2 and 3/2 और 3 (d) 3 only /केवल 3

**IAS (Pre) I[st] G.S. 2011**

**Ans. (b) :** वैश्वीकरण, तेजी से बढ़ती हुई जनसंख्या, वनों की कमी एवं अन्य मानवीय गतिविधियों के कारण हाल के वर्षों में वायुमण्डल में कार्बन डाईऑक्साइड की सान्द्रता में बढ़ोत्तरी हुई है, किन्तु उसमें अधिकांश वायुमण्डल के निचले भाग में नहीं रहती, जिसका एक प्रमुख कारण यह है कि समुद्रों में पादप प्लवक प्रकाश संश्लेषण कर लेते हैं।

**7. Environmental degradation means-**
**पर्यावरण अपकर्ष से अभिप्राय है–**

(a) Overall degradation of environmental attributes
पर्यावरणीय गुणों का पूर्ण रूप से निम्नीकरण
(b) Adverse changes brought in by human activities
मानवीय क्रियाकलापों से विपरीत परिवर्तन लाना
(c) Ecological imbalance because of ecological diversity/ पारिस्थितिकी विभिन्नता के परिणामस्वरूप पारिस्थितिकी असंतुलन
(d) All the above/उपर्युक्त सभी

**UPPCS (Pre) G.S. 2006**

**Ans. (d) :** पर्यावरण अपकर्ष या पर्यावरणीय अवनयन से अभिप्राय पर्यावरणीय गुणों का पूर्ण रूप से निम्नीकरण मानवीय क्रियाकलापों से पर्यावरण में विपरीत परिवर्तन लाना तथा पारिस्थितिक विभिन्नता के परिणाम स्वरूप पारिस्थितिकी असंतुलन से होता है। पर्यावरण अपकर्ष के अन्तर्गत मानवीय क्रियाकलापों तथा प्राकृतिक प्रक्रमों द्वारा स्थानीय प्रादेशिक तथा विश्व स्तर पर पर्यावरण का ह्रास होता है। अतः उपर्युक्त सभी विकल्प सत्य है।

**8. Which one of the following statements about the National Green Tribunal is not correct?/**
**राष्ट्रीय हरित अधिकरण के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

(a) It was set up in the year 2010/इसकी स्थापना वर्ष 2010 में हुई थी
(b) It is involved in effective and expeditious disposal of cases relating to environmental protection and conservation of forests/यह पर्यावरण संरक्षण तथा वनों के संरक्षण से सम्बन्धित मामलों के प्रभावी और शीघ्र निपटान में शामिल है
(c) It may consider giving relief and compensation for damages to persons and property/यह व्यक्तियों और सम्पत्तियों को हुई हानि के लिए राहत और मुआवजा देने पर विचार कर सकता है
(d) It is bound by the procedures laid down under the Code of Civil Procedure, 1908/यह सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के तहत निर्धारित प्रक्रियाओं से बँधा है।

**CDS (I) 2019**

**Ans. (d) :** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (N.G.T) की स्थापना 11वीं पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत 18 अक्टूबर 2010 को स्वस्थ पर्यावरण के अधिकार के आनुरूप्य, जो अनुच्छेद 21 के अन्तर्गत जीवन के अधिकार का अंग माना जाता है, के अंतर्गत हुई थी। यह अधिकिरण व्यक्तियों और सम्पत्तियों और उनसे जुड़े हुए या उससे संबंधित मामलों में हुए नुकसान (हानि) के लिए राहत और मुआवजा देने पर विचार कर सकता है। यह पर्यावरण संरक्षण तथा वनों के संरक्षण से सम्बन्धित मामलों के प्रभावी एवं शीघ्र निपटान की व्याख्या करता है। अतः विकल्प a, b, c सत्य है।

**9. The National Green Tribunal Act, 2010 was enacted in consonance with which of the following provisions of the Constitution of India?/ राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण अधिनियम, 2010 भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से कौन-सा/से प्रावधान के अनुरूप्य अधिनियमित हुआ था/हुए थे?**

1. Right to healthy environment, construed as a part of Right to life under Article 21/स्वस्थ पर्यावरण के अधिकार के आनुरूप्य, जो अनुच्छेद 21 के अन्तर्गत जीवन के अधिकार का अंग माना जाता है।
2. Provision of grants for raising the level of administration in the Scheduled Areas for the welfare of Scheduled Tribes under Article 275 (1)/अनुच्छेद 275 (1) के अन्तर्गत अनुसूचित जनजातियों के कल्याण हेतु अनुसूचित क्षेत्रों में प्रशासन का स्तर बढ़ाने के लिए प्रावधानित अनुदान के आनुरूप्य
3. Powers and functions of Gram Sabha as mentioned under Artcle 243 (a)/अनुच्छेद 243 (a) के अन्तर्गत उल्लिखित ग्राम सभा की शक्तियों और कार्यों के आनुरूप्य

**Select the correct answer using the codes given below/**
**निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिएः**

(a) 1only/ केवल 1 (b) 2 and 3 only/केवल 2 और 3
(c) 1 and 3 only/केवल 1 और 3(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**IAS (Pre) 2012**

**Ans. (a) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**10. National Green Tribunal in India has been established in the year;/भारत में राष्ट्रीय हरित अधिकरण किस वर्ष में स्थापित किया गया है;**

(a) 2009 (b) 2010
(c) 2012 (d) 2013

**(Haryana PSC Pre 2014)**

**Ans. (b) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

11. **The National Green Tribunal (NGT) came into force from-/राष्ट्रीय हरित ट्रिब्यूनल ( एन.जी.टी. ) प्रभावी हुआ–**
   (a) October, 2010/अक्टूबर, 2010 से
   (b) November, 2008/नवम्बर, 2008 से
   (c) January, 2011/जनवरी, 2011 से
   (d) April, 2012/अप्रैल, 2012 से

**UPPCS (M) G.S. II$^{nd}$ 2017**

**Ans. (a) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

12. **The National Green Tribunal, set up to deal with the expenditious disposal of cases relating to environmental protection, was set up under the/पर्यावरणीय संरक्षण से संबंधित मामलों का शीघ्र निपटान करवाने के लिए स्थापित राष्ट्रीय हरित अधिकरण किसके अंतर्गत स्थापित किया गया?**
   (a) 12$^{th}$ Five-Year Plan /12वीं पंचवर्षीय योजना
   (b) 11$^{th}$ Five-Year Plan /11 वीं पंचवर्षीय योजना
   (c) 10$^{th}$ Five-Year Plan /10 वीं पंचवर्षीय योजना
   (d) 9$^{th}$ Five-Year Plan /9वीं पंचवर्षीय योजना

**CAPF (AC) PAPER-I 2018**

**Ans. (b) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

13. **How is the National Green Tribunal (NGT) different from the Central Pollution Control Board (CPCB)? राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एन.जी.टी) किस प्रकार केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सी.पी.सी.बी) से भिन्न है?**
   1. The NGT has been established by an Act where as the CPCB has been created by an executive order of the Government.
      एन.जी.टी. का गठन एक अधिनियम द्वारा किया गया है जबकि सी.पी.सी.बी. का गठन सरकार के कार्यपालक आदेश से किया गया है।
   2. The NGT provides environmental justice and helps reduce the burden of litigation in the higher courts whereas the CPCB promotes cleanliness of streams and wells, and aims to improve the quality of air in the country.
      एन.जी.टी. पर्यावरणीय न्याय उपलब्ध कराता है और उच्चतर न्यायालयों में मुकदमों के भार को कम करने में सहायता करता है जबकि सी.पी.सी.बी. झरनों और कुँओं की सफाई को प्रोत्साहित करता है, तथा देश में वायु की गुणवत्ता में सुधार लाने का लक्ष्य रखता है।

   **Which of the statements given above is/are correct? उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
   (a) 1 only/केवल 1
   (b) 2 only/केवल 2
   (c) 1 and 2 both/1 और 2 दोनों
   (d) Neither 1 Nor 2/न तो 1 न तो 2

**IAS (Pre) 2018**

**Ans. (b) :** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (N.G.T.) की स्थापना एक वैधानिक निकाय के रूप में केंद्र सरकार द्वारा 18 अक्टूबर, 2010 को राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम, 2010 के अन्तर्गत किया गया।
N.G.T. की स्थापना का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संबंधी विवादों एवं मुद्दों का तीव्रता से निपटारा करना तथा देश की अदालतों में मुकदमों के बोझ को कम करना है।
केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) भी एक वैधानिक निकाय है, जिसे सितम्बर, 1974 में जल प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम, 1974 के तहत स्थापित किया गया था।
इसका मुख्य कार्य जल एवं वायु प्रदूषण की गुणवत्ता संबंधी मामलों में तकनीकी रिपोर्ट उपलब्ध कराना तथा गुणवत्ता में सुधार करना है।

14. **With reference to organic farming in India, consider the following statements:/भारत में जैविक कृषि के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
   1. The National Programme for Organic Production' (NPOP) is operated under the guidelines and directions of the Union Ministry of Rural Development/'जैविक उत्पादन के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम' (एन.पी.ओ.पी) केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के मार्गदर्शन एवं निर्देश के अधीन कार्य करता है।
   2. The Agricultural and Processed Food Products Export Development Authority' (APEDA) functions as the Secretariat for the implementation of NPOP/एन.पी.ओ.पी. के क्रियान्वयन के लिए 'कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण' (APEDA) सचिवालय के रूप में कार्य करता है।
   3. Sikkim has become India's first fully organic State/सिक्किम भारत का पहला पूरी तरह से जैविक राज्य बन गया है।

   **Which of the statements given above is/are correct? उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
   (a) 1 and 2 only /केवल 1 और 2
   (b) 2 and 3 only /केवल 2 और 3
   (c) 3 only /केवल 3
   (d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**UPSC IAS (Pre) 2018**

**Ans. (b) :** भारत वर्ष में राष्ट्रीय स्तर पर जैविक खेती के केन्द्रित व सुव्यवस्थित विकास हेतु भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा वर्ष 2001 में अपने उपक्रम कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (APEDA) के माध्यम से जैविक प्रमाणीकरण की प्रक्रिया को नियंत्रित करने के लिए NPOP (National Programme for Organic Production-राष्ट्रीय जैविक उत्पाद कार्यक्रम) की शुरुआत की गई है। इस प्रमाणीकरण व्यवस्था के तहत NPOP द्वारा सफल प्रसंस्करण इकाइयों, भंडारों और खेतों को 'इंडिया आर्गेनिक' का लोगो प्रदान कराया जाता है। APEDA की स्थापना दिसंबर, 1985 में संसद द्वारा पारित कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण अधिनियम के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा की गयी थी। सिक्किम भारत सहित विश्व का सबसे पहला पूर्णतः जैविक खेती पर आधारित राज्य है। जहाँ पर शतप्रतिशत कृषि जैविक खेती कृषि के अन्तर्गत की जाती है।

15. **Name the first State of India which is dependent on organic farming/भारत का सबसे पहला जैविक खेती पर आधारित राज्य कौन-सा है?**
   (a) Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश
   (b) Kerala/केरल
   (c) Sikkim/सिक्किम
   (d) Arunachal Pradesh/अरुणाचल प्रदेश

**MP PCS G.S. (Pre) 2018**

**Ans. (c) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

16. **Which of the following states of India has been declared first fully biological state of the country?/ भारत के निम्नलिखित राज्यों में से किसे देश का प्रथम पूर्ण रूप से जैविक-राज्य घोषित किया गया है?**

(a) Uttarakhand/उत्तराखण्ड (b) Bihar/बिहार
(c) Sikkim/सिक्किम (d) Chhattisgarh /छत्तीसगढ़

**UP Lower (Mains) G.S. 2015**

**Ans. (c) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

17. **Which among the following was the first 100 percent organic state in the world?/निम्नलिखित में से कौन-सा एक दुनिया का पहला 100 प्रतिशत जैविक राज्य है?**

(a) Queensland (Australia)/क्वींसलैड (आस्ट्रेलिया)
(b) California (United States of America) कैलिफोर्निया (संयुक्त राज्य अमेरिका)
(c) Sikkim (India)/सिक्किम (भारत)
(d) Quebec/क्यूबेक (कनाडा)

**UPPCS (Pre) 2019**

**Ans. (c) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

18. **Consider the following statements and choose the correct answer from the codes./नीचे दिए गए कथनों पर विचार करें एवं कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए –**

**Assertion:** Natural environment is clean.
**कथन (A) :** प्राकृतिक पर्यावरण स्वच्छ होता है।
**Reason:** Human activities are responsible for environmental pollution.
**कारण (R):** मानव क्रियाएँ पर्यावरणीय प्रदूषण का कारण हैं।

**Code:/कूट :**

(a) (A) and (R) both are correct and R is the correct explanation of A./(A) एवं (R) दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है
(b) (A) and (R) both are correct and R is not the correct explanation of A./(A) एवं (R) दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है, परन्तु (R) गलत है
(d) (A) is false but (R) is true/(A) गलत है, परन्तु (R) सही है

**UPPCS (Pre) G.S. 2003**

**Ans. (b) :** प्राकृतिक पर्यावरण स्वच्छ होता है जबकि पर्यावरण को प्रदूषित करने में मानव क्रियाएं उत्तरदायी होती हैं। उत्पत्ति के स्रोत के आधार पर पर्यावरणीय प्रदूषण को दो भागों में विभाजित किया जाता है, प्राकृतिक प्रदूषण एवं मानवीय प्रदूषण। प्रकृति अपनी साइबरनेटिक्स क्षमता के कारण प्राकृतिक रूप से हुए प्रदूषण को आत्मसात करने में सक्षम है। परन्तु मानव जनित परिवर्तनों के कारण पर्यावरण में होने वाला प्रदूषण अपनी तीव्रता के कारण सामान्यतः अनुत्क्रमणीय होता है। अतः (A) एवं (R) दोनों सही है परन्तु (R) (A) की सही व्याख्या नहीं है।

19. **The United Nations Framework Convention on Climate Change (UNFCCC) is an international treaty drawn at/यूनाइटेड नेशन्स फ्रेमवर्क कन्वेन्शन ऑन क्लाइमेट चेन्ज (UNFCCC) एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है जिसका गठन –**

(a) United Nations Conference on the Human Environment, Stockholm, 1972/स्टॉकहोम में 1972 में संयुक्त राष्ट्र के मानव पर्यावरण सम्मेलन (यूनाइटेड नेशन्स कॉन्फ्रेंस ऑन दि ह्यूमन एनवायरनमेंट) में किया गया
(b) UN Conference on Environment and Development, Rio de Janeiro, 1992/रियो-डि जेनेरियो में 1992 में संयुक्त राष्ट्र संघ के पर्यावरण और विकास सम्मेलन (यू.एन. कॉन्फ्रेंस ऑन एन्वायरनमेंट ऐण्ड डेवलपमेंट) में किया गया
(c) World Summit on Sustainable Development, Johannesburg, 2002/जोहान्सबर्ग में 2002 में धारणीय विकास पर विश्व शिखर सम्मेलन (वर्ल्ड सम्मिट ऑन सस्टेनेबल डेवलपमेंट) में किया गया
(d) UN Climate Change Conference, Copenhagen, 2009/संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (यू.एन. क्लाइमेट चेंज कॉन्फ्रेंस), कोपेनहेगन, 2009 में किया गया

**IAS (Pre) G.S. 2010**

**Ans. (b) :** यूनाइटेड नेशन्स फ्रेमवर्क कन्वेन्शन ऑन क्लाइमेट चेंज (UNFCCC) एक अन्तर्राष्ट्रीय सन्धि है। जिसका गठन रियो-डि-जेनेरियो में 1992 में संयुक्त राष्ट्र के पर्यावरण और विकास सम्मेलन में किया गया। यह जलवायु परिवर्तन पर प्रथम बहुपक्षीय कन्वेंशन था जिसका उद्देश्य ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को नियंत्रित करना है।

20. **The United Nations Framework Convention of Climate Change deals with/जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र संघ का कन्वेंशन ढाँचा किससे संबंधित है?**

(a) reduction of fossil fuel usage/जीवाश्म ईंधन के उपयोग में कमी
(b) $CO_2$ emissions mitigation/ कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) उत्सर्जन में कमी
(c) reduction in Uranium production/यूरेनियम उत्पादन में कमी
(d) Green house gases emissions mitigation/ ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी
(e) None of the above/more than one of the above/ उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**BPSC (Pre) G.S. 2017**

**Ans. (d) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

21. **The term 'Intended Nationally Determined Contributions' is sometimes seen in the news in the context of/'अभीष्ट राष्ट्रीय निर्धारित अंशदान (Intended Nationally Determined Contributions) पद को कभी–कभी समाचारों में किस संदर्भ में देखा जाता है?**

(a) pledges made by the European countries to rehabilitate refugees from the war-affected Middle East/युद्ध–प्रभावित मध्य–पूर्व के शरणार्थियों के पुनर्वास के लिए यूरोपीय देशों द्वारा दिए गए वचन
(b) plan of action outlined by the countries of the world to combat climate change/जलवायु परिवर्तन का सामना करने के लिए विश्व के देशों द्वारा बनाई गई कार्य–योजना
(c) capital contributed by the member countries in the establishment of Asian Infrastructure Investment Bank/एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक) की स्थापना करने में सदस्य राष्ट्रों द्वारा किया गया पूँजी योगदान
(d) plan of action outlined by the countries of the world regarding Sustainable Development Goals/धारणीय विकास लक्ष्यों के बारे में विश्व के देशों द्वारा बनाई गई कार्य योजना

**IAS (Pre.) GS I$^{st}$, 2016**

**Ans. (b) :** अभीष्ट राष्ट्रीय निर्धारित अंशदान (INDC) जलवायु परिवर्तन का सामना करने के लिए विश्व के देशों द्वारा बनाई गई एक कार्ययोजना है। भारत द्वारा जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में अपने 'अभीष्ट राष्ट्रीय निर्धारित अंशदान (INDC : Intended Nationally Determined Contribution) सम्बन्धी दस्तावेज जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र रूपरेखा अभिसमय (UNFCCC) को प्रस्तुत किए गए। इस INDC में निम्नलिखित बातों पर जोर दिया गया है – सतत् जीवन शैली, स्वच्छ आर्थिक विकास, प्रदूषण उपशमन, उत्सर्जन तीव्रता में कमी, गैर जीवाश्म आधारित विद्युत के हिस्से में वृद्धि, कार्बन सिंक में वृद्धि तथा अनुकूलन आदि।

**22. Consider the following statements/निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**The Environment Protection Act, 1986 empowers the Government of India to/पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 भारत सरकार को सशक्त करता है कि**

1. state the requirement of public participation in the process of environmental protection, and the procedure and manner in which it is south/ वह पर्यावरणीय संरक्षण की प्रक्रिया में लोक सहभागिता की आवश्यकता का और इसे हासिल करने की प्रक्रिया और रीति का विवरण दे
2. lay down the standards for emission or discharge of environmental pollutants from various sources/ वह विभिन्न स्रोतों से पर्यावरणीय प्रदूषकों के उत्सर्जन या विसर्जन के मानक निर्धारित करें

**Which of the statements given above is/are correct?/ उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1, न ही 2

**IAS (Pre) 2019**

**Ans. (b) :** पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के अनुसार इस अधिनियम को लागू करने में लोक सहभागिता का उल्लेख है। परंतु इसे हासिल करने की प्रक्रिया और रीति का कोई उल्लेख नहीं है। अतः कथन (1) गलत है। इस अधिनियम के तहत विभिन्न स्रोतों से पर्यावरणीय प्रदूषकों के उत्सर्जन या विसर्जन का मानक भारत सरकार निर्धारित कर सकती है। अतः कथन-2 सत्य है।
इस अधिनियम को 26 भागों व 4 अध्यायों में बाँटा गया है।
पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 ऐसा पहला पर्यावरण संबंधी कानून था जिसने केन्द्रीय सरकार को सीधे निर्देश देने को अधिकृत किया, इसके तहत उद्योग के संचालन, नियमन व नियंत्रण संबंधी दिशा-निर्देश, परीक्षण के लिए स्वीकृति, किसी भी स्थान के जल, वायु, भूमि अन्य वस्तु का विश्लेषण करने का अधिकार शामिल है।

**23. Agenda-21 is related to which field?**
**'एजेंडा–21' किस क्षेत्र से सम्बन्धित है?**

(a) Sustainable development/सतत विकास
(b) Nuclear disarmament/परमाणु निःशस्त्रीकरण
(c) Petent conservation/पेटेंट संरक्षण
(d) Agriculture related delivery/कृषि–सम्बन्धी परिदान

**UP RO/ARO (Pre) G.S. 2014**

**Ans. (a) :** 'एजेंडा–21' संयुक्त राष्ट्र संघ की 'सतत विकास' से संबंधित एक कार्ययोजना है, जो विश्व के सभी देशों में पर्यावरण संबन्धी कार्यों को करने के लिए एक समग्र ढांचा तैयार करती है।

**24. The Earth Summit + 5 was held in –**
**पृथ्वी सम्मेलन + 5 आयोजित हुआ था :**

(a) 2005 में
(d) 2000 में
(c) 1999 में
(d) 1997 में

**UPPCS (Mains) G.S. 2016**

**Ans. (d) :** पहले पृथ्वी शिखर सम्मेलन 1992 (रियो सम्मेलन) के 5 वर्ष बाद "पृथ्वी सम्मेलन +5" का आयोजन सन् 1997 में अमेरिकी शहर 'न्यूयॉर्क' में किया गया। इस पृथ्वी सम्मेलन के आयोजन का मुख्य उद्देश्य टिकाऊ विकास के लिए सतत व्यापक कार्यकारी योजना "एजेंडा-21" को लागू करने की दिशा में उठाए गए कदमों का मूल्यांकन करना था।

**25. 'Rio + 20' is the short name for**
**'रियो + 20' किसके लिए संक्षिप्त नाम है?**

(a) Millennium Development Goals/सहस्राब्दि विकास लक्ष्य
(b) United Nations Conference on Sustainable Development/ धारणीय विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन
(c) Earth summit/पृथ्वी शिखर सम्मेलन
(d) Post-2015 Development Agenda/2015 के बाद के विकास की कार्यसूची

**CDS (II) 2015**

**Ans. (b) :** धारणीय विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन का संक्षिप्त नाम **'रियो + 20'** है। ध्यातव्य है कि रियो-डी-जेनेरियो (ब्राजील), पृथ्वी सम्मेलन (1992) के 20 वर्ष बाद 20-22 जून 2012 को रियो-डी-जेनेरियो में ही आयोजित किये जाने के कारण इसे 'रियो +20' सम्मेलन कहा जाता है। रियो + 20 सम्मेलन के बाद 'द फ्यूचर वी वांट' शीर्षक से एक संयुक्त घोषणा जारी की गयी, जिसमें धारणीय विकास (टिकाऊ विकास) पर बल दिया गया।

**26. What is Rio+20 Conference, often mentioned in the news?/आम तौर पर समाचारों में आने वाला रियो+20 (Rio+20) सम्मेलन क्या है?**

(a) It is the United Nations Conference on Sustainable Development/यह धारणीय विकास (सस्टेनेबल डेवलपमेन्ट) पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन है
(b) It is a Ministerial Meeting of the World Trade Organization/यह विश्व व्यापार संगठन की मंत्रीवर्गीय (मिनिस्टीरियल) बैठक है
(c) It is a Conference of the Inter-governmental Panel on Climate Change/यह जलवायु परिवर्तन पर अन्तर-सरकारी पैनल (इंटर-गवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज) का सम्मेलन है
(d) It is a Conference of the Member Countries of the Convention on Biological Diversity/यह जैव विविधता पर कन्वेंशन के सदस्य देशों का सम्मेलन है

**IAS (Pre) 2015**

**Ans. (a) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**27. What was the the theme of Rio+20 manifesto?**
**रियो+20 घोषणा पत्र का शीर्षक क्या था?**

(a) The future we want/द फ्यूचर वी वान्ट
(b) The future we seek/द फ्यूचर वी सीक
(c) The future we have/द फ्यूचर वी हैव
(d) The future we see/द फ्यूचर वी सी
(e) None of the above/उपर्युक्त में से कोई नहीं

**Chhattisgarh P.C.S. (Pre) 2016**

**Ans. (a) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

28. **Which reference to 'Agenda 21' sometimes seen in the news, consider the following statements :**
**समाचारों में कभी-कभी दिखने वाले 'एजेंडा 21 (Agenda 21)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –**

1. It is a global action plan for sustainable development
यह धारणीय विकास के लिए एक वैश्विक कार्य-योजना है।
2. It originated in the World Summit on Sustainable Development held in Johannesburg in 2002.
2002 में जोहान्सबर्ग में हुए धारणीय विकास पर विश्व शिखर सम्मेलन (World Summit on Sustainable Development) में इसकी उत्पत्ति हुई।

**Which of the statements given above is /are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 only / केवल 1
(b) 2 only /केवल 2
(c) Both 1 and 2 /1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2 /न तो 1, न ही 2

**IAS (Pre) 2016**

**Ans. (a) :** एजेंडा-21, संयुक्त राष्ट्र की धारणीय विकास (Sustainable Development) के संदर्भ में एक गैर बंधनकारी, स्वैच्छिक रूप से क्रियान्वित कार्य योजना है। यह कार्य योजना जोहानसबर्ग शिखर सम्मेलन की उत्पत्ति नहीं है अपितु इसकी उत्पत्ति 1992 में ब्राजील के रियो-डि-जेनेरियो में सम्पन्न पृथ्वी शिखर सम्मेलन में हुई थी। वस्तुतः यह 21वीं सदी में पर्यावरण संरक्षण हेतु एक वैश्विक कार्य योजना है जिसके तहत धारणीय विकास को राष्ट्रीय नीतियों में शामिल करने के साथ इसके स्थानीय, राष्ट्रीय एवं वैश्विक क्रियान्वयन पर बल दिया गया है। ध्यातव्य है कि 'अर्थ समिट' (पृथ्वी शिखर सम्मेलन) का आधिकारिक नाम पर्यावरण एवं विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNCED) है। अतः प्रश्नगत कथन (1) सत्य है जबकि कथन (2) असत्य है।

29. **Which one of the following is the correct definition of Agenda-21?/निम्नलिखित में से कौन–सी ''एजेन्डा 21'' की सही परिभाषा है?**

(a) It is an action plan of U.N.O for protecting human rights/यह मानवाधिकारों की रक्षा हेतु संयुक्त राष्ट्र संघ (U.N.O.) की कार्य योजना है।
(b) It is a book of 21 chapters on nuclear disarmament/यह नाभिकीय निरस्त्रीकरण पर 21 अध्यायों की पुस्तक है।
(c) It is an action plan for the conservation of global environment in 21th century/यह 21वीं सदी में विश्व पर्यावरण संरक्षण हेतु एक कार्य योजना है।
(d) It is an agenda for the election of the President in the next meeting of SAARC/यह दक्षिण एशिया क्षेत्रीय सहयोग संघ (SAARC) की आगामी बैठक में अध्यक्ष के चुनाव हेतु एजेन्डा है।

**UPPCS (Pre) GS, 2013**

**Ans. (c) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

30. **Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

1. The Sustainable Development Goals were first proposed in 1972 by a global think tank called the 'Club of Rome'/धारणीय विकास लक्ष्य (Sustainable Development Goals) पहली बार 1972 में एक वैश्विक विचार मंडल (थिंक टैंक) ने, जिसे 'क्लब ऑफ रोम' कहा जाता था, प्रस्तावित किया था।
2. The Sustainable Development Goals have to be achieved by 2030/
धारणीय विकास लक्ष्य 2030 तक प्राप्त किए जाने हैं।

**Which of the statements given above is/are correct?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only/केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1, न ही 2

**IAS (Pre.) GS Ist, 2016**

**Ans. (b) :** 'धारणीय' शब्द के प्रथम प्रयोग का संबंध 'क्लब ऑफ रोम' से है जबकि 'धारणीय विकास लक्ष्य' संयुक्त राष्ट्र की पहल है। सितम्बर 2015 में संयुक्त राष्ट्र सतत विकास सम्मेलन के दौरान सहस्राब्दी विकास लक्ष्यों (जिनकी अवधि वर्ष 2015 तक निर्धारित थी) के स्थान पर नए धारणीय विकास लक्ष्य को अपनाया गया है जिन्हें वर्ष 2030 तक प्राप्त किया जाना है। 1972 में वैश्विक थिंक टैंक 'क्लब ऑफ रोम' द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट 'लिमिट्स टू ग्रोथ' (संवृद्धि की सीमायें) में यह तथ्य प्रस्तुत किया गया था कि आर्थिक वृद्धि को अनिश्चित काल तक जारी रखना संभव नहीं है। इसी रिपोर्ट में सर्वप्रथम आर्थिक विकास को धारणीय बनाए रखने की बात कही गई थी किन्तु इसके द्वारा धारणीय विकास लक्ष्य प्रस्तावित नहीं किए गए थे। सतत विकास की संकल्पना का वास्तविक विकास 1987 में हमारा साझा भविष्य (Our Common Future) नामक रिपोर्ट जिसे ब्रंटलैंड रिपोर्ट के नाम से जाना जाता है, के आने के बाद हुआ तब से इस शब्द का व्यापक प्रयोग शुरू हुआ है।

31. **Who has propounded the concept of 'Limit to Growth'?/'संवृद्धि की सीमा' की अवधारणा का प्रतिपादन किसके द्वारा किया गया था?**

(a) Club of Rome/क्लब ऑफ रोम
(b) UNESCO/यूनेस्को
(c) Brundtland Commission/ब्रंटलैंड आयोग
(d) Agenda 21/एजेण्डा 21

**UPPCS (Pre) 2019**

**Ans. (a) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

32. **Sustainable Development Goals and targets are to be achieved by :/सतत् विकास लक्ष्यों को प्राप्त करना है :**

(a) 2020 तक
(b) 2025 तक
(c) 2030 तक
(d) 2050 तक

**Himanchal PCS 2018**

**Ans. (c) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

33. **The discussion on 'Sustainable Development' was started after submitting a report on environment to the United Nations in 1987. That report was**
**वर्ष 1987 में संयुक्त राष्ट्र में पर्यावरण से सम्बन्धित एक प्रतिवेदन की प्रस्तुति के उपरान्त 'धारणीय विकास' (सस्टेनेबल डेवेलपमेंट) पर चर्चा आरम्भ हुई। वह प्रतिवेदन था–**

(a) First Report on Climate Change/
जलवायु परिवर्तन पर पहला प्रतिवेदन
(b) Our Common Future/अवर कॉमन फ्यूचर
(c) Second Report on Climate Change/
जलवायु परिवर्तन पर दूसरा प्रतिवेदन
(d) Fifth Assessment Report/पाँचवा मूल्यांकन प्रतिवेदन

**UP PSC (Pre) 2020**

**Ans. (b) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**34. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R).**
**नीचे दो कथन दिए गए हैं जिनमें एक को कथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है।**

**Assertion (A):** Sustainable development is important for well being of human society.
**कथन (A)** : सतत विकास मानव समाज के कल्याण हेतु महत्वपूर्ण है।

**Reason (R) :** Sustainable development is a kind of development that meets the needs of the present without compromising the ability of future generations to meet their own needs.
**कारण (R) :** सतत विकास से अभिप्राय ऐसे विकास से है, जो भावी पीढ़ियों की जरूरतें पूरी करने की योग्यता को प्रभावित किये बिना वर्तमान समय की आवश्यकता पूरी करें।

**Select the correct answer from the codes given below :**
**नीचे दिए कूटों में से सही उत्तर चुनिएः**

**Code/कूटः**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)/A तथा R दोनों सही हैं, एवं R कथन A की सही व्याख्या है
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/A तथा R दोनों सही हैं, परंतु R कथन A की सही व्याख्या नहीं है
(c) (A) is true, but (R) is false/A सही है, किन्तु R गलत है
(d) (A) is false, but (R) is true/A गलत है, किन्तु R सही है

**UPPCS (Pre) 2019**

**Ans. (a) :** सतत विकास मानव समाज के कल्याण हेतु महत्वपूर्ण है। पर्यावरण तथा विकास पर विश्व आयोग के अंतर्गत ब्रंटलैंड कमीशन, द्वारा जारी रिपोर्ट (1987) के अनुसार ''आने वाली पीढ़ी की अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने की क्षमता से समझौता किये बिना वर्तमान पीढ़ी की आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु विकास ही सतत् विकास है।'' अतः कथन एवं कारण दोनों सही हैं, एवं कारण R, कथन A की सही व्याख्या करता है।

**35. The concept of sustainable development relates to**
**धारणीय विकास की संकल्पना किससे सम्बन्धित है?**

(a) consumption levels/उपभोग स्तर
(b) exhaustible resources/निःशेषणीय संसाधन
(c) social equity/सामाजिक साम्या
(d) intergenerational equity/अन्तरपीढ़ीय साम्या

**CDS (I) 2010**

**Ans. (d) :** धारणीय विकास की संकल्पना अन्तरपीढ़ीय साम्या से सम्बन्धित है। वर्तमान पीढ़ी द्वारा अपने विकास के लिए प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग इस प्रकार करना कि उनका न्यूनतम क्षरण हो और भावी पीढ़ियाँ प्राकृतिक संसाधनों से वंचित न हों, संक्षेप में धारणीय विकास या सतत विकास ऐसा विकास है जो आने वाली पीढ़ियों के हितों से समझौता किये बिना वर्तमान पीढ़ी की आवश्यकताओं को पूरा करता है।

**36. Which one is incorrect regarding sustainable development?/**
**सतत् विकास के संबंध में कौन–सा गलत है?**

(a) The development that meets the needs of the present without compromising the ability of future generations to meet their own needs
भविष्य की पीढ़ियों की अपनी जरूरतों को पूरा करने की क्षमता से समझौता किए बिना वर्तमान की जरूरतों को पूरा करने वाला विकास।
(b) Economic development refers to the flow of goods and services in the economy for a long period of time only/आर्थिक विकास से तात्पर्य केवल समय की लंबी अवधि के लिए अर्थव्यवस्था में वस्तुओं के प्रवाह से है।
(c) It is practice of developing land and construction projects in a manner that reduces their impact on the environment by allowing them to create energy efficient models of self-sufficiency/यह भूमि और निर्माण परियोजनाओं को इस तरह से विकसित करने का अभ्यास है जो पर्यावरण पर उनके प्रभाव को कम करके उन्हें आत्मनिर्भरता के ऊर्जा कुशल मॉडल बनाने की अनुमति देता है।
(d) To conserve natural resources and to develop alternate sources of power while reducing pollution and harm to the environment/प्रदूषण को कम करने और पर्यावरण को नुकसान न पहुँचाते हुए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और शक्ति के वैकल्पिक स्रोतों का विकास करना।

**Himanchal PCS 2018**

**Ans. (b) :** संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुसार सतत विकास से तात्पर्य भविष्य की पीढ़ियों की अपनी जरूरतों को पूरा करने की क्षमता से समझौता किए बिना वर्तमान की जरूरतों को पूरा करने वाला विकास। यह भूमि और निर्माण परियोजनाओं को इस तरह से विकसित करने का अभ्यास है जो पर्यावरण पर उनके प्रभाव को कम करके उन्हें आत्मनिर्भरता के ऊर्जा कुशल मॉडल को बनाने की अनुमति देता है। प्रदूषण को कम करने और पर्यावरण को नुकसान न पहुँचाते हुए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और बाकी के वैकल्पिक स्रोतों का विकास करना एवं सतत विकास को प्रोत्साहित करता है। आर्थिक विकास किसी देश के सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, गुणात्मक एवं मात्रात्मक सभी परिवर्तनों से सम्बन्धित है। इसका प्रमुख लक्ष्य कुपोषण, बीमारी, निरक्षरता और बेरोजगारी को खत्म करना है।

**37. It is necessary for sustainable development-**
**सतत विकास के लिए आवश्यक है –**

(a) Conservation of biodiversity/जैविक विविधता का संरक्षण
(b) Prevention and control of pollution/प्रदूषण का निरोध एवं नियंत्रण
(c) Decreasing poverty/निर्धनता को घटाना
(d) All of the above /उपरोक्त सभी

**UPLower (Pre) G.S. 2003–04**

**Ans. (d) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**38. Sustainable development is described as the development that meets the needs of the present without compromising the ability of future generations to meet their own needs. In this perspective, inherently the concept 'of sustainable development is intertwined with which of the following concepts?**

**धारणीय विकास, भावी पीढ़ियों के अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के सामर्थ्य से समझौता किए बगैर, वर्तमान की आवश्यकताओं को पूरा करता है। इस परिप्रेक्ष्य में धारणीय विकास का सिद्धान्त निम्नलिखित में से किस एक सिद्धान्त के साथ स्वाभाविक रूप से जुड़ा हुआ है?**

(a) Social justice & empowerment/ सामाजिक न्याय एवं सशक्तीकरण
(b) Inclusive Growth/समावेशी विकास
(c) Globalization/वैश्वीकरण
(d) Carrying capacity/धारण क्षमता

**(IAS (Pre) G.S. 2010)**

**Ans. (d) :** धारणीय विकास, जिसे टिकाऊ विकास, सतत विकास, अन्य विभिन्न नामों से जाना जाता है। यह धारण क्षमता से स्वाभाविक रूप से जुड़ा हुआ है क्योंकि यदि प्राकृतिक संसाधनों में धारण क्षमता बरकरार रहेगी तो उससे भावी पीढ़ियों के आवश्यकताओं की पूर्ति होती रहेगी।

**39. In which year, for first time, symposium on Environment was proposed at Stockholm?/स्टॉकहोम में प्रथम बार पर्यावरण पर संगोष्ठी किस वर्ष प्रस्तावित की गई थी?**

(a) 1968 (b) 1972 (c) 1980 (d) 1982

**UKPSC (PRE) Lower 2021**

**Ans. (a) :** स्टॉकहोम में पर्यावरण पर संगोष्ठी 1968 में प्रस्तावित की गई थी। वर्ष 1968 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में उभरते हुए वैज्ञानिक प्रमाणों का उपयोग करते हुए पहली बार जलवायु परिवर्तन पर चर्चा की गयी थी। वर्ष 1972 में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ।

**40. What is not true about commitment made by India at UNFCCC COP 26 Conference ? /यू.एन.एफ.सी.सी.सी. COP 26 अधिवेशन में भारत द्वारा दी गयी प्रतिबद्धता के संदर्भ में क्या सही नहीं है ?**

(a) By 2030, Indian will reduce its carbon emission by one billion tons/भारत 2030 तक कार्बन उर्त्सजन में एक बिलियन टन की कमी करेगा
(b) By, 2030, Indian will meet 60% of its total energy requirement by renewable energy/भारत 2030 तक अपनी ऊर्जा जरूरतों का 60 प्रतिशत पूर्ति अक्षय ऊर्जा से करेगा
(c) By, 2030, Indian will increase its non-fossil energy capacity to 50 gigawatts/भारत 2030 तक अपनी गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता को 500 गीगावाट तक बढ़ा लेगा
(d) None of the above/उपरोक्त में से कोई नहीं

**CGPSC (Pre) 2021**

**Ans. (b) :** COP-26 संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन 31 अक्टूबर - 12 नवम्बर 2021 तक स्कॉटलैंड के ग्लासगो में आयोजित किया गया। UNFCCC COP-26 अधिवेशन में भारत द्वारा व्यक्त की गई पाँच प्रतिबद्धताएँ निम्नलिखित हैं-

1. वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन ऊर्जा क्षमताओं को 500 गीगावॉट तक बढ़ाना
2. वर्ष 2030 तक कार्बन उत्सर्जन में 1 बिलियन टन तक की कमी करना।
2. वर्ष 2030 तक भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं का 50 प्रतिशत अक्षय ऊर्जा के माध्यम से पूरा करना
4. वर्ष 2030 तक भारतीय अर्थव्यवस्था की कार्बन तीव्रता में 45% से अधिक की कमी करना।
5. वर्ष 2070 तक शुद्ध शून्य (NET-ZERO) उत्सर्जन का लक्ष्य प्राप्त करना।

**41. With reference to 'NET - ZERO' goal for 2050, which of the following statements is/are correct?**
**2050 के लिए 'नेट-जीरो' लक्ष्य के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

1. It means that a country will bring down its emissions to zero by 2050./इसका अभिप्राय है कि देश को 2050 तक उसके उत्सर्जन को शून्य तक नीचे लाना होगा।
2. It means that a country's emissions will be compensated by absorption and removal of green house gases from the atmosphere. इसका अभिप्राय है कि किसी देश के उत्सर्जन की क्षतिपूर्ति वातावरण से ग्रीन हाउस गैसों का निराकरण तथा अवशोषण से होगी।

**Select the correct answer using the codes given below.**
**नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए।**

**Codes/कूट :**

(a) Only 1/केवल 1
(b) Only 2 /केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1 न ही 2

**UPPSC (Pre) 2021**

**Ans. (b) :** हाल ही में अन्तर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) द्वारा शुद्ध शून्य उत्सर्जन (NET-ZERO) रोडमैप जारी किया गया, जिसका नाम नेट जीरो बाय 2050 है। यह विश्व का पहला व्यापक ऊर्जा रोडमैप है। 2050 के लिए 'नेट जीरो' से अभिप्राय है कि किसी देश के उत्सर्जन की क्षतिपूर्ति वातावरण से ग्रीन हाउस गैसों का निराकरण तथा अवशोषण से होगी।

**42. The book 'Silent Spring' published in 1962 which set the tone for an environmental movement in the world, was written by :/ वर्ष 1962 में प्रकाशित पुस्तक 'साइलेन्ट स्प्रिंग' जिससे विश्व के पर्यावरणीय आन्दोलन को गति मिली, के लेखक हैं–**

(a) Carolyn Merchant/केरोलीन मर्चेन्ट
(b) Karl Marx/कार्ल मार्क्स
(c) Rachel Carson/रेचल कार्सन
(d) Rajgopalan/राजगोपालन

**UP PSC (Pre) 2020**

**Ans. (c) :** साइलेंट स्प्रिंग की लेखक रेचल कार्सन थीं। यह पुस्तक पेस्टिसाइड के दुष्प्रभाव पर आधारित है। रेचल कार्सन एक अमेरिकी पर्यावरणविद् थीं।

**43. The main objective of sustainable tourism is :**
**पोषकीय ( सस्टेनेबल ) पर्यटन का मुख्य उद्देश्य है–**

(a) To increase the number of tourists पर्यटकों की संख्या में वृद्धि
(b) To manage mass scale tourism and small scale travel/ बड़े पैमाने पर पर्यटन और लघु पैमाने पर यात्राओं का प्रबन्ध करना
(c) To manage tourism and environment while maintaining cultural integrity and ecological processes/ सांस्कृतिक अखण्डता और पारिस्थितिक प्रक्रियाओं को बनाये रखते हुए पर्यटन और पर्यावरण प्रबन्ध करना
(d) None of the above/उपरोक्त में से कोई नहीं

**UP PSC (Pre) 2020**

**Ans. (c) :** पोषकीय पर्यटन का मुख्य उद्देश्य सांस्कृतिक अखण्डता और पारिस्थितिक प्रक्रियाओं को बनाये रखते हुए पर्यटन और पर्यावरण प्रबन्ध करना है।

**44. Which of the following statement(s) is/are correct in respect of the 'ecoradicals'?/ ''पर्यावरण अतिवादियों'' (इकोरैडिकल्स) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**

1. They believe that human societies on earth are moving dangerously closer to the limits of the earth's carrying capacity/इनका विश्वास है कि पृथ्वी पर मानव समाज पृथ्वी की वहन करने की क्षमता की सीमाओं के समीप तक खतरनाक रूप से बढ़ रहे हैं
2. They call for strict population control/ये सख्त जनसंख्या नियंत्रण की मांग करते हैं
3. They stress for less consumption-oriented and waste-producing way of life/ये कम उपभोग उन्मुख और कम अपशिष्ट उत्पादक जीवनशैली पर बल देते हैं

**Select the correct answer using the code given below:/ नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनियेः**

(a) 1 only / केवल 1 (b) 2 only / केवल 2
(c) 1, 2 and 3 / 1, 2 और 3 (d) 2 and 3 only / केवल 2 और 3

**CAPF - 2019 (I)**


**Ans. (c) :** पर्यावरण के प्रति अधिक जागरूक व कार्यशील लोगों को पर्यावरण अतिवादी कहा जाता है। पर्यावरण अतिवादियों का विश्वास है कि पृथ्वी पर मानव समाज पृथ्वी की वहन करने की क्षमता की सीमाओं के समीप तक खतरनाक रूप से बढ़ रहा है तथा ये सख्त जनसंख्या नियंत्रण की मांग करते हैं साथ ही कम उपभोग उन्मुख और कम अपशिष्ट उत्पादक जीवन शैली पर बल देते हैं।

**45. 'Saving energy and other resources for the future without sacrificing people's comfort in the present is the definition of which of the following concepts? 'वर्तमान जनसंख्या के सुखों का परित्याग किये बिना भविष्य के लिए ऊर्जा तथा अन्य संसाधनों की बचत' निम्न में से कौन-सी अवधारणा की परिभाषा है?**

(a) Economic growth/आर्थिक वृद्धि
(b) Economic development/आर्थिक विकास
(c) Sustainable development/सम्पोषणीय विकास
(d) Human development/मानव विकास

**UPPCS (Pre) 2018**

**Ans. (c) :** संपोषणीय विकास मानव विकास की वह प्रक्रिया है– जिसमें पर्यावरण को क्षति पहुँचाये बिना प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग किया जाता है साथ ही भावी पीढ़ियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इनके न्यूनतम उपयोग पर बल दिया जाता है।




**46. The Environmental (Protection) Act was enacted in 1986 was last amended in; पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 में अधिनियमित किया गया था जिसमें अंतिम बार संशोधन किया गया था;**

(a) 1992 (b) 2001
(c) 2011
(d) None of the above/उपरोक्त में से कोई नहीं

**Haryana PSC Pre 2014**

**Ans. (d) :** पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 में पारित किया गया। इसके कुछ उपबन्धों में अंतिम संशोधन वर्ष 1991 में किया गया था जो वर्ष 1992 से प्रभावी हुए थे। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 एक छाता विधान (Umbrella Legislation) है जो पर्यावरण संरक्षण से सम्बन्धित विधि निर्माण के लिए एक आधारभूत विधिक ढ़ांचा प्रदान करता है।

**47. Environment Protection Act (EPA) is also known as- पर्यावरण सुरक्षा अधिनियम (ई.पी.ए.) को अन्य किस नाम से जाना जाता है?**

(a) Umbrella Legislation/छाता विधान
(b) Chhadi Mubarak/छड़ी मुबारक
(c) Environment Legislation/पर्यावरण विधान
(d) Eco Safety Law/इको–संरक्षा नियम

**MPPSC (Pre) G.S. I[st] 2013**

**Ans. (a) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**48. When was the environment (Protection) Act passed by Government of India? भारत सरकार द्वारा पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम पारित किया गया?**

(a) 1972 (b) 1976
(c) 1981 (d) 1986

**UPPSC ACF/RFO Mains 2021 Paper-I**
**UPPSC ACF/RFO Mains 2020 (Paper-I[st])**
**UP PSC BEO 2019**

**Ans. (d) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**49. The Environment (Protection) Act was passed in India in/भारत में पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम पारित हुआ**

(a) 1981 (b) 1986
(c) 1995 (d) 2000

**UPPSC (Pre) 2021**
**UPPCS (M) G.S. I[st] 2017**
**UP RO/ARO (Pre) G.S. 2013**

**Ans. (b) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**50. In which year Ministry of Environment was set up in India? भारत में पर्यावरण मंत्रालय किस वर्ष में स्थापित किया गया था?**

(a) 1970 A.D./1970 ई. (b) 1975 A.D./1975 ई.
(c) 1980 A.D./1980 ई. (d) 1985 A.D./1985 ई.


**UPPCS ACF (Pre) G.S. 2017**


**Ans. (d) :** भारत में पर्यावरण मंत्रालय का गठन वर्ष 1985 में किया गया था। यह मंत्रालय मुख्यतः देश में पर्यावरण और वानिकी कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की योजना, प्रचार समन्वय और देखरेख के लिए जिम्मेदार है। इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है। जबकि पर्यावरण विभाग की स्थापना सन् 1980 किया गया।

# 2. जैवमंडल एवं बायोम
## (Biosphere and Biome)

## क्विक रिवीजन

- पृथ्वी पर प्राणियों और वनस्पतियों का वृहत्तम अभिज्ञेय समुच्चय है
**– बायोम (Biome)**
- पृथ्वी के समस्त जीवित जीव तथा उसके आस-पास का पर्यावरण, जिससे इन जीवों की पारस्परिक क्रिया होती है, कहलाता है
**– जीवमंडल (Biosphere)**
- जीव से जीवमंडल तक जैविक संगठन का सही क्रम है
**– जनसंख्या→समुदाय→पारिस्थितिकी तंत्र→भू-दृश्य (Landscape)**
- सर्वाधिक जैव-विविधता पाई जाती है **– उष्णकटिबंधीय वर्षा वनों में**
- विश्व की विशालतम बैरियर रीफ प्रणाली स्थित है
**– ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट पर**
- 'लैंड ऑफ बिग गेम्स' के नाम से जाना जाता है
**– उष्ण कटिबंधीय सवाना प्रदेश**
- दो भिन्न समुदायों के बीच का संक्रांति क्षेत्र कहलाता है
**– इकोटोन (Ecotone)**
- सिंह पुच्छी वानर (मॅकाक) पाया जाता है
**– पश्चिमी घाट ( कर्नाटक, केरल एवं तमिलनाडु ) में**
- स्थलमंडल, जलमंडल एवं वायुमंडल का मिलन स्थान होता है
**– जैवमंडल**
- पौधों का जैविक पदार्थ अधिकतम होता है
**– उष्णकटिबंधीय वर्षा वन पारितंत्र में**




- प्रवालों द्वारा छोड़े गए कैल्शियम कार्बोनेट से निर्मित समुद्र के भीतर निर्मित चट्टान कहलाती है **– प्रवाल भित्ति**
- विश्व की सर्वाधिक प्रवाल भित्तियाँ मिलती हैं
**– उष्णकटिबंधीय सागरीय जलों में**
- भारत में प्रवाल भित्तियाँ पायी जाती हैं
**– कच्छ की खाड़ी, मन्नार की खाड़ी और लक्षद्वीप एवं अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह**
- अत्यंत निम्न ताप वाले स्थानों पर उगने वाले पौधे कहलाते हैं
**– हेकीस्टोथर्म**
- समुद्री खरपतवार (Sea weeds) महत्वपूर्ण स्रोत हैं **– आयोडीन का**
- गन्ना, सूरजमुखी, बाजरा तथा अरहर में न्यूनतम जल-दक्ष फसल है
**– बाजरा**
- वायु प्रदूषण का संकेतक माना जाता है **– लाइकेन (Lichen) को**
- लाइकेन स्वतः समाप्त होने लगते हैं
**– $SO_2$ की मात्रा बढ़ने पर**
- लाइकेन सहजीवी साहचर्य (Symbiotic Association) हैं
**– शैवाल और कवक के**
- महासागरों और तटीय पारिस्थितिक तंत्रों में संग्रहीत कार्बन कहलाता है
**– ब्लू कॉर्बन**

| भारत में जैवमंडल रिजर्व | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रम | जैवमंडल रिजर्व | विस्तार क्षेत्र | क्षेत्रफल (वर्ग किमी. में) | स्थापना वर्ष |
| 1. | नीलगिरि* | केरल, कर्नाटक एवं तमिलनाडु | 5520 | 1986 |
| 2. | नंदा देवी* | उत्तराखंड | 5860.69 | 1988 |
| 3. | नोकरेक* | मेघालय | 820 | 1988 |
| 4. | ग्रेट निकोबार* | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 885 | 1989 |
| 5. | मन्नार की खाड़ी* | तमिलनाडु | 10,500 | 1989 |
| 6. | मानस | असम | 2837 | 1989 |
| 7. | सुंदरबन* | पश्चिम बंगाल | 9630 | 1989 |
| 8. | सिमलीपाल* | ओडिशा | 4374 | 1994 |
| 9. | डिब्रू-सैखोवा | असम | 765 | 1997 |
| 10. | दिहांग-दिबांग | अरुणाचल प्रदेश | 5111.50 | 1998 |
| 11. | पंचमढ़ी* | मध्य प्रदेश | 4926 | 1999 |
| 12. | कंचनजंगा* | सिक्किम | 2619.92 | 2000 |
| 13. | अगस्त्यमलाई* | केरल | 1828 | 2001 |
| 14. | अचानकमार-अमरकंटक* | मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ | 3835.51 | 2005 |
| 15. | कच्छ का रण | गुजरात | 12,454 | 2008 |
| 16. | कोल्ड डेजर्ट | हिमाचल प्रदेश | 7770 | 2009 |
| 17. | शेषाचलम पहाड़ियाँ | आंध्र प्रदेश | 4755.997 | 2010 |
| 18. | पन्ना* | मध्य प्रदेश | 2998.98 | 2011 |

नोट→ * इन्हें यूनेस्को द्वारा Man and the Biosphere (MAB) कार्यक्रम के अंतर्गत जैवमंडल रिजर्व के विश्व तंत्र की सूची में शामिल किया गया है।

# क्वेश्चन बैंक

**1. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and other as reason (R).**
**नीचे दो वक्तव्य दिये गये हैं, जिसमें एक को अभिकथन (A) व दूसरे को कारण (R) कहा गया है :**

**Assertion (A) :** The biosphere is an example of open system.
**अभिकथन (A) :** जीवमण्डल एक खुला विवृत तंत्र का उदाहरण है।


**Reason (R) :** There cannot be reinvestment of new substances in the bio-sphere but there is no restriction on the investment and exit of energy.
**कारण (R) :** जीवमण्डल में पदार्थ के प्रारम्भिक निवेश के बाद पुनः नये पदार्थों का निवेश नहीं हो सकता, परन्तु ऊर्जा के निवेश एवं बहिर्गमन पर कोई प्रतिबन्ध नहीं होता है।

**Select the correct answer using the codes below:**
**अधोलिखित कूटों में से सही उत्तर चुनिये :**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) is true but (R) is false/(A) सही है तथा (R) गलत है।
(d) (A) is false but (R) is true/(A) गलत है तथा (R) सही है।

**UPPSC RO/ARO Mains 2017**

**Ans. (c) :** जैवमंडल के अन्तर्गत समस्त जैविक व अजैविक संघटकों को शामिल किया जाता है। जैवमंडल का निर्माण वायुमंडल, स्थलमंडल और जलमंडल से निर्मित होता है।




जैवमंडल/जीवमंडल एक खुला विवृत्त तंत्र (Open System) का उदाहरण है। क्योंकि इसमें पदार्थों का निवेश तथा बहिर्गमन होता रहता है, परंतु पारिस्थितिकी तंत्र ऊर्जा का 10% भाग ही एक पोषण स्तर से दूसरे पोषण स्तर में जाता है। इस ऊर्जा का प्रवाह एक दिशा में होता है अर्थात् ऊर्जा के निवेश व स्थानांतरण पर प्रतिबंध है। अतः कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) गलत है।

**2. Biome, largest recognizable assemblage of animals and plants on the Earth, is controlled mainly by :**
**पृथ्वी पर प्राणियों और वनस्पतियों का वृहत्तम अभिज्ञेय समुच्चय, बायोम, मुख्यतः किससे नियंत्रित है?**

(a) Biological activity/जैव सक्रियता
(b) Landforms/ भू-आकृति
(c) Climate/ जलवायु
(d) Soil/ मृदा

**EPFO/APFC 2012**

**Ans. (c) :** जलवायु ऐसा कारक है जिससे पृथ्वी पर प्राणियों और वनस्पतियों का वृहत्तम अभिज्ञेय, समुच्चय, बायोम मुख्यतः नियंत्रित होता है। इनके कारण ही जन्तु एवं वनस्पतियाँ प्रभावित होती हैं।

**3. Which one of the following is the correct order of biological organization ranging from organism to biosphere?/अधोलिखित में से कौन-जीव से जैव मण्डल तक जैविक संगठन का सही क्रम है?**

(a) Population → Ecosystem → Community → Landscape/जनसंख्या–पारिस्थितिक तंत्र–समुदाय–भू-दृश्य
(b) Landscape → Community → Ecosystem → Population/भू-दृश्य–समुदाय–पारिस्थितिक तंत्र–जनसंख्या
(c) Population → Community → Ecosystem→ Landscape/ जनसंख्या–समुदाय–पारिस्थितिक तंत्र–भू-दृश्य
(d) Population → Landscape → Community → Ecosystem/ जनसंख्या – भू-दृश्य – समुदाय– पारिस्थितिक तंत्र

**UPPCS (Pre) G.S.-I[st] Paper 2017**

**Ans. (c) :** जीव से जैवमंडल तक जैविक संगठन का सही क्रम इस प्रकार है–
जनसंख्या ⟶ समुदाय ⟶ पारिस्थितिक तंत्र ⟶ भू-दृश्य


- एक ही जाति के जीवधारियों की संख्या को उनकी जनसंख्या कहते हैं। जब दो या दो से अधिक जातियों की जनसंख्या मिलकर एक समुदाय का निर्माण करती है। कई समुदाय मिलकर एक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करते हैं। एक निश्चित भू-क्षेत्र में एक या एक से अधिक पारिस्थितिक तंत्र पाए जाते हैं।

**4. Which of the following is an example of anthropogenic biome?/निम्नलिखित में कौन मानवजनित जीवोम का एक उदाहरण है?**

(a) Fresh water/जलतंत्र
(b) Grassland/घास का मैदान
(c) Rain forest/वर्षा वन
(d) Cropland/फसली भूमि

**UPPCS (Pre) G.S. 2018**

**Ans. (d) :** पृथ्वी पर पेड़-पौधों तथा जीव-जन्तुओं सहित सभी प्रमुख पारिस्थितिकी तंत्र जीवोम (Biome) कहलाते हैं। फसली भूमि को कृत्रिम तथा मानव जनित जीवोम का उदाहरण माना जाता है, जबकि शेष प्राकृतिक जीवोम के उदाहरण हैं।




**5. Consider the following statements:**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

**Assertion (A) :** A biome is an ecosystem.
**कथन (A) :** एक बायोम एक पारिस्थितिक तंत्र होता है।
**Reason (R) : If comprises of both living and non-living elements of a region.**
**कारण (R) :** यदि एक प्रदेश के जैव एवं अजैव दोनों तत्व सम्मिलित किए जाते हैं।

**Select the correct answer from the code given below.**
**नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिये :**

**Codes:/कूट :**

(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)./(A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है
(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A)./(A) तथा (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(c) (A) is true, but (R) is false.
(A) सही है, परन्तु (R) गलत है
(d) (A) is false, but (R) is true.
(A) गलत है, परन्तु (R) सही है

**UPPCS (Mains) G.S. I[st] 2006**

**Ans. (a) :** बायोम पारिस्थितिक तंत्र का ही एक प्रमुख भाग है। इसके अन्तर्गत वनस्पति एवं जीवों के समस्त क्रियाशील समूह शामिल किये जाते हैं। किसी प्रदेश विशेष की जलवायु, मिट्टी आदि कारकों से सामंजस्य स्थापित कर जो जटिल जैव समुदाय विकसित होता है, वही बायोम कहलाता है। अतः कथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।


**6. Which is the most stable ecosystem?**
**सबसे अधिक स्थिर पारिस्थितिकी तंत्र कौन-सा है?**

(a) Marine (ocean)/सागरीय (महासागर)
(b) Forest/वन
(c) Mountain/पर्वतीय
(d) Desert/मरुस्थलीय

**UP RO/ARO (Pre) G.S. 2010**
**RAS/RTS (Pre) G.S., 2008**
**UPPCS (Pre) G.S. 2018**

**Ans. (a) :** सबसे स्थिर पारिस्थितिकी तंत्र महासागर को माना जाता है। किसी क्षेत्र के सभी जीवधारी तथा वातावरण में उपस्थित अजैव घटक संयुक्त रूप से पारितंत्र का निर्माण करते हैं वस्तुत: पारितंत्र जैविक व अजैविक घटकों से मिलकर बनी हुई एक अवधारणा है। पारिस्थितिकी तंत्र के अन्तर्गत जैविक संघटकों को दो प्रमुख भागों में विभाजित किया जाता है– (1) स्वपोषित संघटक (2) परपोषित संघटक।

**पारितंत्र के प्रकार**
**(Types of Ecosystem)**



7. **In which environment the annual production of bio-mass is minimum?/किस पर्यावरण में जैव–द्रव्यमान का वार्षिक उत्पादन न्यूनतम होता है?**

(a) Deep ocean/गहरे सागर
(b) Prairie/प्रेयरी
(c) Deciduous forest/पतझड़ी वन
(d) Taiga/टैगा

**UPPCS (Pre) G.S. 2000**

**Ans. (a) :** गहरे सागर के पर्यावरणीय क्षेत्र में जैव द्रव्यमान का वार्षिक उत्पादन न्यूनतम यानी नगण्य होता है। जैव द्रव्यमान के उत्पादन की दृष्टि से उष्णकटिबंधीय वर्षा वन प्रथम स्थान पर आते हैं। इनमें जैव द्रव्यमान उत्पादन लगभग 2200 ग्राम (शुष्क भार)/ वर्ग मीटर/वर्ष होता है। उपर्युक्त प्रश्न में दिये गए बायोम में जैव द्रव्यमान के प्रति उत्पादन की मात्रा इस प्रकार है–

| | |
|---|---|
| उष्णकटिबंधीय पतझड़ वन | – 1200 ग्राम (शुष्क भार)/वर्ग मीटर/वर्ष |
| टैगा | – 800 ग्राम (शुष्क भार)/वर्ग मीटर/वर्ष |
| प्रेयरी | – 600 ग्राम (शुष्क भार)/वर्ग मीटर/वर्ष |
| गहरे सागर | – नगण्य जैव-द्रव्यमान होता है। |

अतः सही उत्तर विकल्प (a) होगा।

8. **Consider the following statements**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

1. Most of the world's coral reefs are in tropical waters/विश्व की सर्वाधिक प्रवाल भित्तियाँ उष्णकटिबंधीय सागर जलों में मिलती हैं।
2. More than one-third of the world's coral reefs are located in the territories of Australia, Indonesia and Philippines/विश्व की एक-तिहाई से अधिक प्रवाल भित्तियाँ ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया और फिलीपीन्स के राज्य-क्षेत्रों में स्थित हैं।
3. Coral reefs host far more number of animal phyla than those hosted by tropical rainforests
उष्णकटिबंधीय वर्षा वनों की अपेक्षा, प्रवाल भित्तियाँ कहीं अधिक संख्या में जन्तु संघों का परपोषण करती हैं।

**Which of the statements given above is/are correct ?**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) 1 and 2 only/केवल 1 और 2
(b) 3 only/केवल 3
(c) 1and 3 only/केवल 1 और 3
(d) 1, 2 and 3/1, 2 और 3

**UPSC IAS (Pre) 2018**

**Ans. (d) :** प्रवाल मुख्य रूप से उष्णकटिबन्धीय महासागरों में जाये जाते हैं, क्योंकि इनको जीवित रहने के लिए (20º–21ºC) तापक्रम आवश्यक होता है। 200 से 250 फीट (60–77 मीटर) से अधिक गहराई में प्रवाल मर जाते हैं।

प्रवाल के समुचित विकास के लिए सागरीय लवणता 27‰ से 30‰ होनी चाहिए। विश्व की एक तिहाई से अधिक प्रवाल भित्तियाँ ऑस्ट्रेलिया, इण्डोनेशिया और फिलीपीन्स के राज्य क्षेत्रों में स्थित हैं। उष्णकटिबन्धीय वर्षा वनों की अपेक्षा, प्रवाल भित्तियाँ कहीं अधिक संख्या में जन्तु संघों का परपोषण करती हैं, क्योंकि प्रवालों की 1000000 प्रजातियाँ है, जिनमें से केवल 10 प्रतिशत प्रजातियों का ही अध्ययन किया है।

9. **The largest barrier reef system in the world is found at/विश्व की विशालतम बैरियर रीफ प्रणाली कहाँ स्थित है?**

(a) East Australian Coast/पूर्वी ऑस्ट्रेलियाई तट
(b) West Australian Coast/पश्चिमी ऑस्ट्रेलियाई तट
(c) North Australian Coast/उत्तरी ऑस्ट्रेलियाई तट
(d) South Australian Coast/दक्षिणी ऑस्ट्रेलियाई तट

**CDS Exam (II), 2020**

**Ans. (a) :** विश्व की विशालतम बैरियर रीफ प्रणाली आस्ट्रेलिया के उत्तर-पूर्वी तट (क्वींसलैण्ड प्रान्त) पर स्थित है। यह विश्व का सबसे व्यापक और समृद्ध प्रवालभित्ति पारिस्थितिकी तंत्र है, जो कि २९०० से अधिक भित्तियों और ९०० से अधिक द्वीपों से मिलकर बना है। प्रवाल भित्तियाँ विश्व की सागरीय जैवविविधता का उष्णस्थल है। इन्हें 'समुद्र का वर्षा वन' भी कहा जाता है।

10. **Which one among the following is not a coral reef island?/निम्नलिखित में से कौन-सा प्रवाल-भित्ति द्वीप नहीं है?**

(a) Great Barrier Reef, Australia/ग्रेट बैरियर रीफ, ऑस्ट्रेलिया
(b) Rainbow Reef, Fiji/रेनबो रीफ, फिजी
(c) Swaraj Island, India/स्वराज द्वीप, भारत
(d) Kyushu Island, Japan/क्यूशू द्वीप, जापान

**CDS Exam (II), 2020**

**Ans. (d) :** क्यूशू जापान के प्रमुख द्वीपों में से सबसे दक्षिणी द्वीप है। यह प्रवाल द्वीप नहीं है। आस्ट्रेलिया के क्वींसलैण्ड राज्य के उत्तर-पूर्वी तट पर प्रवालभित्ति है जिसे ग्रेट बैरियर रीफ कहा जाता है। यह विश्व की सबसे बड़ी प्रवाल भित्ति है। स्वराज द्वीप जिसका भूतपूर्व नाम हेवलॉक द्वीप था भारत के अंडमान निकोबार में स्थित एक प्रवाल द्वीप है। रेनबो रीफ, फिजी में स्थित एक प्रवाल द्वीप है।

11. **Coral reefs are not found in which one of the following regions/निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में प्रवाल–भित्ति नहीं पाई जाती है?**

(a) Gulf of Cambay/कैम्बे की खाड़ी
(b) Gulf of Mannar/मन्नार की खाड़ी
(c) Gulf of Kachchh/कच्छ की खाड़ी
(d) Lakshadweep and Minicoy Island
लक्षद्वीप और मिनिकॉय द्वीप
(e) None of the above/ More than one of the above
उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**65th BPSC (Pre) 2019**

**Ans. (a) :** भारत में प्रवाल भित्तियाँ कच्छ की खाड़ी, मन्नार की खाड़ी, लक्षद्वीप और अण्डमान निकोबार द्वीप समूह में पायी जाती है। इस प्रकार कैम्बे की खाड़ी में प्रवालभित्ति नहीं पायी जाती है। अतः विकल्प **(a)** सही है।

12. **Which of the following is the most significant factor in coral bleaching?/निम्न में से कौन प्रवाल विरंजन में सर्वाधिक महत्वपूर्ण कारक है?**

(a) Mining of coral rocks/प्रवाल शैलों का खनन
(b) Outbreak of coral diseases/प्रवाल रोगों का फैलना
(c) Siltation of seawater/सागरीय जल में अवसादों का जमाव
(d) Global warming/वैश्विक ऊष्मन

**UPPCS (Pre) Re–exam. 2015**